लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1378
दिनांक 03.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा क्षेत्र में रोजगार

1378. श्री अजय कुमार मंडलः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) भारत सरकार द्वारा "मेक इन इंडिया" कार्यक्रम के अंतर्गत हथकरघा क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने का ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसकी क्या कारण हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (ग): हथकरघा बुनाई स्वाभाविक रूप से 'मेक इन इंडिया' पहल का एक अभिन्न हिस्सा है। हथकरघा क्षेत्र एक असंगठित क्षेत्र है और हथकरघा बुनकर बड़े पैमाने पर स्व-रोज़गार में लगे हुए हैं। वस्त्र मंत्रालय देश भर में हथकरघा को बढ़ावा देने और हथकरघा बुनकरों के कल्याण के लिए (i) राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और (ii) कच्चा माल आपूर्ति योजना (आरएमएसएस) जैसी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है। इन योजनाओं के अंतर्गत पात्र हथकरघा एजेंसियों/बुनकरों को कच्चा माल, उन्नत करघे एवं सहायक उपकरण की खरीद, सोलर लाइटिंग यूनिट्स, वर्कशेड के निर्माण, कौशल, उत्पाद एवं डिजाइन विकास, तकनीकी एवं सामान्य अवसंरचना, मार्केटिंग, बुनकर मुद्रा योजना के अंतर्गत रियायती ऋण और सामाजिक सुरक्षा आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

****